हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 5 जुलाई 2024

11 डीसी और एसपी ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं



12 कर्मचारियों ने बजाया विरोध का बिगुल



## खबर संक्षेप

### चौबारा गांव में खेत से हजारों का सामान चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने गांव चौबारा में एक खेत से सोलर मोटर सहित हजारों का सामान चोरी कर लिया। इस बारे पीड़ित किसान ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव चौबारा निवासी कृष्ण ने कहा है कि उसका गांव के पश्चिम साइड में खेत है। उसने अपने खेत में सोलर ट्यूब्वैल लगवाया हुआ है। गत रात्रि अज्ञात चोर उसके खेत से सोलर मोटर 7.5 हॉर्स पावर व एक ट्यूब्वैल पाइप चोरी करके ले गए है। सुबह जब वह खेत में गया तो उसे चोरी का पता चला। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

### रेलवे स्टेशन के पास से युवक लापता

**फतेहाबाद।** शहर से एक युवक के लापता होने का समाचार है। युवक का मोटरसाइकिल रेलवे स्टेशन के पास से बरामद हुआ है। इस बारे परिजनों ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में रामनगर, टोहाना निवसी अनिरूद्ध शर्मा ने कह है कि उसका 32 साल क लड़का विकास सुबह एसके फाइनेंस कम्पनी, कैंची चैक, टोहाना जाने की बात कहकर घर से गया थ और वापस नहीं लौटा। दोपहर को उसके छोटे लड़के विशाल के पास फोन आया कि विकास आज काम पर नहीं आया।

### कल जिले में लगाए जाएंगे हजारों पौधेः ग्रोहा

**फतेहाबाद।** अखिल भारतीय जनसंघ के संस्थापक तथा राजनीति व शिक्षा के क्षेत्र में सुविख्यात डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के उपलक्ष्य में 6 जुलाई को पूरे जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पौधा रोपण अभियान चलाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष स. बलदेव सिंह ग्रोहा ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भाजपा ने जिलेभर में बड़े स्तर पर पौधा रोपण अभियान चलाने का संकल्प लिया है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के उपलक्ष्य में 6 जुलाई को फतेहाबाद की तीनों विधानसभाओं में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता पौधा रोपण करेंगे।

### पानी की डिग्गी में मिली युवक की लाश

**डबवाली।** चौटाला पुलिस चौकी के गांव लोहगढ़ से पानी की डिग्गी में पड़ी हुई एक डेड बॉडी बरामद हुई है। मृतक की पहचान इसी गांव के रहने वाले सतबीर सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक का शव पानी की डिग्गी में पिछले दो दिन से पड़ा है। किसी ग्रामीण ने आज जब शव देखा तो गांव के प्रमुख लोगों व पुलिस को सूचना दी गई। मृतक की उम्र 24 - 25 साल है और वह अविवाहित है। अब उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में गांव की एक डिग्गी में से लाश मिली है। पुलिस ने इस मामले में मृतक के मामा दलीप सिंह के बयानों पर इतफाकिया मौत की कार्रवाई शुरू की है।

### पुलिस ने चोरी करने वाले आरोपी को किया काबू

**जाखल।** कुलां चौकी पुलिस ने बीते दिनों कुलां में स्थित एक घर से लाखों रुपए के सोने के आभूषण और हजारों रुपए नकदी चोरी करने के मामले का महज चार दिन में पटाक्षेप किया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी के रिमांड के दौरान मिली जानकारी के बाद पुलिस ने जेवरात खरीदने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार करने उससे 9 तोले सोने के आभूषण बरामद किए हैं। इसके अलावा पुलिस मुख्य आरोपी से 70 हजार रुपए नकदी पहले ही बरामद कर चुकी है। कुलां के दुकानदार मनोज कुमार ने बीती 28 जून को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसके परिवार के सभी लोग रिश्तेदारी में गए हुए थे। उसी दौरान पीछे से घर में घुसा चोर उनके कमरे की अलमारी से 20 तोले सोने के आभूषण सहित नकदी लेकर फरार हो गया।

---

22 एमएम बारिश दर्ज की, किसान निहाल, शहर में बिजली गुल

# फतेहाबाद में लगातार 4 घंटे हुई मूसलाधार बारिश मानसून की दूसरी बरसात में खेत हुए लबालब

### जलभराव होने से यातायात हुआ बाधित, सुबह 10 बजे तक नहीं खुल सकी दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

फतेहाबाद में गुरुवार सुबह हुई मूसलाधार बारिश ने पिछली सारी कमी दूरी कर दी। करीब साढ़े 3 घंटे हुई बारिश से मौसम तो सुहावना हुआ ही, शहर के अधिकांश इलाकों में जलभराव हो गया। शहर के मुख्य बाजार, सड़कें पानी से लबालब नजर आई। गुरुवार को फतेहाबाद में 22 एमएम बारिश दर्ज की गई। बता दें कि दिसम्बर से जून तक यहां नाममात्र ही बारिश हुई है। इस कारण गेहूं की फसल भी प्रभावित हुई थी और अब पर्याप्त पानी बरसने से धान की बम्पर बिजाई की उम्मीद जगी है।

दोपहर बाद उमस से लोग बेहाल दिखाई दिए। गुरुवार सुबह बारिश से शहर के मुख्य जवाहर चौक पर जलभराव के कारण लोगों व दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शहर में नेशनल हाइवे, जवाहर चौक, तुलसीदास चौक, धर्मशाला रोड, बीघड़ रोड, भट्टू रोड, रतिया रोड, सिरसा रोड, हिसार रोड, भूना रोड माजरा रोड जैसे मुख्य रास्तों पर पानी भरने से वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हुई। जीटी रोड पर जलभराव के बीच जाम जैसी स्थिति बनी रही। जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की टीम फील्ड में उतर कर जलभराव खत्म करने के प्रयासों में लगी रही। मगर लगातार बारिश होने के कारण स्थिति में सुधार नहीं हो सका। जवाहर चौक, थाना रोड तहसील चौक व अरोड़वंश धर्मशाला रोड पर बारिश के कारण दुकानदार सुबह 10 बजे के बाद भी दुकानें नहीं खोल सके। वहीं बारिश के बाद से शहर में बिजली गुल हो गई। जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ सतपाल रोज ने बताया कि विभाग के कर्मचारियों की टीमें फील्ड में लगी हुई है। बारिश रुकने के बाद तत्काल प्रभाव से जलभराव खत्म किया जाएगा।



फतेहाबाद। मूसलाधार बारिश से जलमग्न हुई शहर की सड़कें।







### टोहाना में गुरुवार को हुई रुक-रुक कर हुई बरसात, शहर हुआ जलमग्न

**टोहाना।** वीरवार को अलसुबह रुक-रुक हुई बरसात ने जहां गर्मी व उमस भरे मौसम से राहत दिलाने का काम किया, वहीं बरसाती पानी से शहर के चारों ओर जलभराव होने से यातायात बाधित भी हुआ। बरसाती पानी से जमालपुर रोड, रतिया रोड, रामनगर, पुरानी सब्जी मंडी, मिलन चौक, कैंची चौक, बस स्टैंड रोड, बस स्टैंड परिसर, हिसार रोड, तहसील रोड, अनाज मंडी, चंडीगढ़ रोड, डांगरा रोड, बक्शी गली स्थित कई कालोनियां भी जलथल हो गई। कुछ स्थानों में बरसात रूकने के बाद बरसाती पानी की निकासी हो गई थी, लेकिन उसके बाद भी कई क्षेत्रों में बरसाती पानी सायं तक खड़ा रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मुख्य मार्गों पर बरसाती पानी जमा होने के कारण शहर के तंग बाजारों में दुपहियां वाहनों की कतारें लग गई जबकि इन बाजारों में जाम की स्थिति बनी रहने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### रोपाई का काम होगा पूरा

बारिश के बाद धान की रोपाई में ओर तेजी आ गई। जो किसान ट्यूबैलों व बिजली की किल्लत के कारण धान बिजाई के लिए रूके हुए थे, उन्होंने बरसात के बाद रोपाई का काम तेज कर दिया है। उम्मीद है कि अगले सप्ताह तक धान की रोपाई का काम पूरा हो जाएगा। बता दें कि आमतौर पर फतेहाबाद में बारिश 15 जुलाई के बाद ही आती है। बारिश का क्रम सितम्बर तक चलता है। बीते वर्ष जुलाई में पहाड़ों में बारिश होने से यहां बाढ़ जरूर आई लेकिन यहां लोकल बारिश सामान्य से कम ही रही। 10 सालों बाद यह पहला चांस है कि जुलाई के पहले सप्ताह ही यहां मूसलाधार मानसून की बारिश हो रही है।

---

# बाढ़ संभावित क्षेत्रों का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रतिया



रतिया। बाढ़ संभावित क्षेत्रो का दौरा करते एसडीएम।

- एसडीएम ने सम्बंधित अधिकारीयों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए
- ग्रामीणों से समस्याओं के बारे में जानकारी ली

उपमंडलाधीश जगदीश चन्द्र ने वीरवार को अधिकारीयों की टीम के साथ बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने चिम्मो साइफन, घासवा हैड का निरिक्षण किया और सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसडीएम ने अधिकारियों से कहा कि नाले की सफाई से लेकर तटबंधों को मजबूत करना और जहां कमी महसूस की गई, उन्हें अब समय रहते दूर कर लिया जाए। इस काम में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम जगदीश चन्द्र ने कहा कि सभी सम्बंधित अधिकारी बारिश के मौसम के चलते बाढ़ प्रबंधन को लेकर तैयारियां व सभी प्रकार के प्रबंध सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से समस्याओं के बारे में जानकारी ली और मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दौरे का उद्देश्य इन स्थानों पर बाढ़ सुरक्षा कार्यों को और पुख्ता ढंग से करवाना है, ताकि लोगों को कोई समस्या न आए। प्रदेश में जून से मानसून सीजन की शुरूआत मानी जाती है इसलिए एसडीएम ने बाढ़ आशंकित क्षेत्रों का दौरा करके बचाव प्रबंधों की समीक्षा की। इस मौके पर तहसीलदार विजय कुमार आदि सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# शिविर में ग्रामीणों ने रखी पेयजल की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की टीम ने गांव किरढ़ान में ग्रामीणों व पंचायत के सहयोग से ग्रामीण जल सरंक्षण अभियान चलाया और पीने के पानी की समस्या का समाधान करवाया। इस दौरान सब्जी हरा चारा में चल रहे सभी कनेक्शनों को काटा गया और गांव में जो भी लिकेज थी, उनको भी तुरंत ठीक करवाया गया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के उपमंडल अभियंता सतपाल रोज ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा लगाए जा रहे समाधान शिविर में ग्राम पंचायत किरढान के ग्रामीणों ने गांव में पीने के पानी की समस्या उपायुक्त राहुल नरवाल के समक्ष रखी थी। इस पर उपायुक्त ने समस्या के तुरंत समाधान के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को आदेश जारी किए थे। उन्होंने बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा पीने के पानी की समस्या के लिए टोल फ्री नंबर 1800-180-5678 जारी किया हुआ है। नागरिकों को कही भी दिक्कत आती हैं तो वे टोल फ्री नंबर की सहायता से अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।



फतेहाबाद। गांव किरढ़ान में जल संरक्षण अभियान चलाती जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की टीम।

उन्होंने बताया कि जल सरंक्षण अभियान के तहत हर घर को स्वच्छ पानी सुनिश्चित करने के लिए जिले के हर गांव में जल चौपाल का आयोजन किया जाएगा। जल चौपाल में गांव के लोगों की समस्याओं पर कार्य करते हुए ग्रामीणों के साथ मिलकर जल संरक्षण अभियान की कार्य योजना ग्राम स्तर पर तैयार की जाएगी। इसके अलावा जिले में टीम लगाकर घर घर सर्वे करवाया जा रहा है। इस दौरान जिसने भी पीने के पानी पर सर्विस स्टेशन, हरा चारा सब्जी लगा रखी है उनके कनेक्शन तुंरत प्रभाव से काटे जा रहें हैं। इसके साथ-साथ विभाग उनकी सूची भी तैयार कर रहा है जिनके बिल बकाया है और उनको भी नोटिस दिया जाएगा।

---

# डबवाली को पूर्ण जिला बनाने की मांग

- जिला मुख्यालय दूर होने के कारण वर्षों से दिक्कतें झेल रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डबवाली

डबवाली को पूर्ण जिला बनाने की मांग को लेकर शहरवासियों के सहयोग से बड़ी मुहिम छेड़ी जाएगी। यह फैसला वीरवार को डबवाली विकास मंच के पदाधिकारियों की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। मंच के संयोजक नरेश सेठी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मुहिम चलाने की विस्तृत रुपरेखा पर चर्चा की गई। इसमें मंच प्रधान राजेश जैन, सलाहकार संजीव शाद, रवि मोंगा के अलावा विजयंत शर्मा एवं विपिन मोंगा ने विचार रखते हुए डबवाली को पूर्ण जिला बनाने की मांग को जोर शोर से उठाया। चर्चा के दौरान संजीव शाद व रवि मोंगा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने प्रदेश में नए जिले बनाने का सर्वे करने के लिए चार मंत्रियों पर आधारित कमेटी का गठन किया है। डबवाली इलाके के लोगों की भी पुरजोर मांग है कि डबवाली को पूर्ण जिला बनाया जाए क्योंकि सिरसा जिला मुख्यालय से डबवाली शहर की दूरी 60 किलोमीटर है।



सिरसा। मीडिया को जानकारी देते हुए विकास मंच के सदस्य।

### दिक्कतें झेलनी पड़ रही

अगर उपमंडल के गांव चौटाला से इसकी दूरी का आंकलन किया जाए तो यह करीब 90 किलोमीटर पड़ती है। इस प्रकार को डबवाली व काफी गांवों के लोगों को जिला स्तर पर होने वाले कार्यों के लिए वर्षों से दिक्कतें झेलनी पड़ रही है। इसलिए अब समय आ गया है कि डबवाली को पूर्ण जिला बना दिया जाए। मंच प्रधान राजेश जैन व विपिन मोंगा ने कहा कि हरियाणा के एक छोर पर स्थित होने के कारण डबवाली इलाका पिछड़े कर रह गया है। इसे पूर्ण जिला बनाकर सरकार को इसे तरक्की की राह पर अग्रसर करना चाहिए। विजयंत शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने डबवाली को पुलिस जिला बनाकर सराहनीय कार्य किया है।

### संस्था ने 130 पौधे किए रोपित

**सिरसा।** पर्यावरण संरक्षण को समर्पित संस्था बलिहारी कुदरत द्वारा एयरफोर्स स्टेशन में पौधारोपण किया गया। संस्था द्वारा 130 पौधे रोपित करते हुए पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संदेश दिया। संस्था के पदाधिकारी डॉ चंद्र कंबोज, नवदीप कंबोज, अमन मुत्ती, नवप्रीत सिंह, देवेंद्र सिद्धू, सूरज थिंद, अवतार सिंह और एयरफोर्स से पूनम गुलिया ने पौधे रोपित करते हुए संदेश दिया कि पौधरोपण आज की अहम जरूरत है। मौजूदा दौर में पर्यावरण का स्तर निरंतर गिर है, जिसके कारण वंश तापमान में वृद्धि हो रही है। ऐसे में पौधे रोपित होने चाहिए। इसी कड़ी में पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ पौधे रोपित किए गए है।

### 68वें जन्मदिन पर लगाए 68 पौधे



**रतिया।** लायंस क्लब रतिया सिटी द्वारा सुधा कामरा डीजी के नेतृत्व में प्रथम सेवा सप्ताह 'सेव द नेचर' के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। क्लब के अध्यक्ष प्रदीप बंसल ने बताया कि आज क्लब के सचिव गोपाल चंद कुलरियां ने 68वें जन्मदिन पर 68 विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर मनाया। कोषाध्यक्ष विपिन बंसल ने बताया कि हमारी हरियाणा में 3.8 प्रतिशत वन क्षेत्र है जबकि यह 15 से 20 प्रतिशत होना चाहिए। इसी कारण सभी लोगों व संस्थाओं को अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण को शुद्ध बनाने में सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर क्लब के उपाध्यक्ष हरवीर जौड़ा व उपाध्यक्ष जीवन रहेजा, सुखचरण दास अरोड़ा, खेमचंद मोगा, विशाल गोयल आदि सदस्य मौजूद रहे।

---

## बिजली विभाग का सारा बोझ अनुबंधित कर्मचारियों के कंधे पर, सरकार नहीं ले रही सुध : विकास

# विद्युत कर्मचारियों ने बजाया विरोध का बिगुल

- प्रदर्शन कर अधीक्षक अभियंता और डीसी को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ से जुड़े कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध का बिगुल बजाते हुए आज फतेहाबाद में रोष प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर विद्युत विभाग के अधीक्षक अभियंता व जिला उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। दिया। प्रदर्शन की अध्यक्षता संघ के जिला प्रधान राजेश कुमार ने की एवं संचालन जिला सचिव बजिंद्र मैडल ने किया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों को सबोधित करते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी विकास ढिल्लों ने कहा कि आज बिजली विभाग का सारा बोझ अनुबंधित कर्मचारियों के कंधे पर है।





फतेहाबाद। अपनी मांगों को लेकर धरना देकर नारेबाजी करते अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ से जुड़े कर्मचारी, प्रदर्शन के बाद अधिकारी को मांग पत्र सौंपते अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### कम वेतन से संगठन में भारी रोष

अपनी जान पर खेल कर काम करने वाले अनुबंधित कर्मचारियों को सरकार एवं विभाग की तरफ से बहुत कम वेतन और नाममात्र सुविधा मिलती है, जिससे संगठन में भारी रोष है। आज प्रदर्शन के माध्यम से कर्मचारियों ने मांग की है कि सरकार द्वारा रेगुलर पॉलिसी बनाकर विद्युत विभाग के सभी कर्मचारियों को इसमें शामिल किया जाए। इसके साथ-साथ कैशलेस मेडिकल पॉलिसी, रिस्क अलाउंस, ग्रेच्युटी, एलटीसी और बोनस के अलावा खेदड, यमुनानगर धर्मल में कार्यरत कर्मचारी जिनको लेकर 12 जून 2023 को जो समझौता मैनेजमेंट के साथ हुआ था उसे लागू किया जाए। जिला सचिव बजिन्द्र मैडल ने कहा कि अगर सरकार ने समय रहते संघ के साथ बैठक बुलाकर मांगों को पूरा नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन को तेज करेगा और 5 से 15 जुलाई तक प्रदेश में सभी विधायकों, सांसदों, मंत्रियों को ज्ञापन सौंपे जएंगे। अगर फिर भी संघ की अनदेखी की गई तो सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा और संगठन 29 जुलाई को करनाल में मुख्यमंत्री के आवास पर विरोध प्रदर्शन करेगा और वहीं पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर जिला उप प्रधान सुनील, जिला कैशियर देवेंद्र कुमार, जिला सह सचिव रोहतास कुमार, मनीष कुमार, टोहाना यूनिट प्रधान प्रगट सिंह, टोहाना सिटी प्रधान अजय बराला, सचिव रमेश कुमार, भूना सब डिवीजन प्रधान धर्मवीर, सचिव कृष्ण कुमार, उकलाना सब डिवीजन प्रधान विक्रम, सचिव प्रदीप, बलजिंदर सिंह, धर्मपाल धारसूल, संदीप वर्मा, संजीव मेडल, जयवीर शर्मा, सुरेंद्र, विनोद कुमार, बूटा सिंह, ऋषि शर्मा, नरेश कुमार, शिवकुमार सहित सैंकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### युवकों पर बदमाशों ने बोला हमला, नकदी छीनी

**फतेहाबाद।** टोहाना में देर रात रेलवे स्टेशन जा रहे युवकों पर तीन बदमाशों ने हमला कर दिया। हमले में एक युवक घायल हो गया। आरोप है कि हमलावर उससे मोबाइल फोन, नकदी व चांदी की चैन छीनकर फरर हो गए है। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में बेगमपुर कालोनी, टोहाना निवासी दीपक कुमार ने कहा है कि 1 जुलाई के दिल्ली में दिल्ली पुलिस सिपाही का पेपर था। उसके दोस्त प्रदीप निवासी टोहाना का भी उसके साथ ही सिपाही का पेपर था। इस पर उन दोनें के बीच बातचीत होने लगी और उन्होंने 30 जून की रात को टोहाना रेलवे स्टेशन से दिल्ली जाने वाले ट्रेन में जाने बारे बात हुई।

### जैन समाधि अस्पताल के बाहर से बाइक चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने टोहाना के जैन समाधि अस्पताल के बाहर से एक मोटरसाइकिल चोरी कर ली। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव दमकौरा निवासी कुलदीप सिंह ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से बाजार गया था। उसने मोटरसाइकिल को जैन समाधि अस्पताल के बाहर खड़ा किया और अस्पताल में चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन जब बाईक बारे कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

### नहर में डूबे युवक का शव बरामद

**जाखल।** खंड क्षेत्र के गांव चांदपुरा से गुजरती भाखड़ा नहर से पीने के लिए पानी भरने के दौरान पांव फिसलने से नहर में बहे युवक का शव पुलिस ने चार दिन बाद गुरुवार को घटनास्थल के समीप से ही



बरामद किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामान्य अस्पताल में भिजवा दिया, जहां से पोस्टमार्टम करवाकर शव स्वजनों को सौंप दिया हैं। गुरुवार तड़के युवक का शव गांव चांदपुरा नहर पुल के पास ही दिखाई दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से शव को नहर से बाहर निकाला।

## गांव भोडिया खेड़ा में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित

# डीसी और एसपी ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

### पार्क में ओपन जिम बनवाने, श्मशान भूमि की चारदीवारी बनवाने सहित अनेक मांगों को रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटान कर उनको सरकार की योजनाओं का लाभ देना उनका मुख्य उद्देश्य है। विभाग नागरिकों को सरकार की योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। उक्त निर्देश उपायुक्त राहुल नरवाल ने गुरुवार को गांव भोडिया खेड़ा में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सरकार अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को योजनाओं के साथ जोड़ना चाहती है, उसके लिए जरूरी है कि विभाग आपसी तालमेल रखे और नागरिकों को समयबद्ध तरीके से लाभ पहुंचाए। ग्राम पंचायत भोडिया खेड़ा द्वारा गांव के हनुमान मंदिर परिसर में स्थापित ट्रांसफर्मर को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने, पार्क में ओपन जिम बनवाने, श्मशान भूमि का चारदीवारी बनवाने, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गेट बनवाने, राजकीय उच्च विद्यालय के ऊपर से गुजर रही 33 केवी लाइन को स्थानांतरित करने, बीघड़ रोड पर अनुसूचित जाति चौपाल में संचालित तीन आंगनबाड़ी केंद्रों की मुरम्मत करने की मांग रखी। इस पर उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए।



**फतेहाबाद।** गांव भोडिया खेड़ा में जन संवाद कार्यक्रम के तहत नागरिकों की समस्याएं सुनते उपायुक्त राहुल नरवाल।

### प्रशासनिक अधिकारियों ने पौधरोपण किया

उपायुक्त सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने मंदिर परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण का संदेश भी दिया। उपायुक्त राहुल नरवाल के समक्ष पवन कुमार ने परिवार पहचान पत्र को ठीक करवाने, सतबीर ने आयुष्मान कार्ड बनवाने, रविंद्र कुमार ने पीपीपी में नाम ठीक करवाने, बलवान सिंह ने पीपीपी में कंस्ट्रक्शन वर्कर का नाम दर्ज करवाने, जगदीश कुमार, विद्या देवी, राम सिंह, शेर सिंह, ओम प्रकाश, आशा देवी, महावीर सिंह आदि ने बुढ़ापा पेंशन बनवाने की मांग रखी। इसी प्रकार से विनोद कुमार ने मांग रखी की वह कैंसर से पीड़ित है और उसे आर्थिक सहायता दिलवाई जाए। उषा देवी ने पीपीपी में आय ठीक करवाने, औम प्रकाश पुत्र गुलाब मोहम्मद ने पीपीपी आईडी अलग बनवाने, सुनील कुमार पुत्र लाला राम, पवन पुत्र मनी राम, सोमनाथ पुत्र राम किशन, देवी लाल पुत्र करतार ने पीपीपी में आय ठीक करवाने, कुलदीप पुत्र राजेंद्र ने इनकम ठीक करवाने व विकलांग पत्र बनवाने बारे अपनी मांगे रखी। राजेश कुमार पुत्र कृष्ण ने पीला कार्ड बनवाने, संतोष रानी ने मकान बनवाने, कृष्णा ने विकलांगता होने पर ई रिक्शा दिलवाने की मांगे उपायुक्त के समक्ष रखी। उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए लाभार्थियों को लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी, गांव की सरपंच कौशल्या देवी, एडीसी राहुल मोदी, एसडीएम राजेश कुमार, जिप सीईओ सुरेश कुमार, डीडीए डॉ. राजेश सिहाग, डीडीपीओ रविंद्र दलाल, बीडीपीओ अनिल बिश्नोई, जिप सदस्य रमेश गढ़वाल, कमल नंबरदार, ब्लॉक समिति प्रतिनिधि हनुमान, सरपंच प्रतिनिधि अनिल गढ़वाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# रेलवे अंडरब्रिज पर ठहरा बरसाती पानी

- विभाग व अधिकारियों के अनेकों बार मांग पत्र देने व गुहार लगाने के बावजूद भी परेशानी झेल रहे क्षेत्रवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डिंग

बीते मंगलवार को क्षेत्र में हुई 10 एमएम बारिश के साथ डिंग रेलवे अंडरब्रिज में पानी ठहरने से लोगों की एक फिर गले की फांस बन चुका है। यह परेशानी इस बार भी नहीं बल्कि लोगों का हर साल झेलनी पड़ती है। अंडरब्रिज के अंदर गहरे खड्डे होने के कारण बाहर से गुजरने वाले कई अंजान दोपहिया वाहन चालक पानी में गिरकर घायल हो चुके हैं। इसके अलावा ग्रामीण, किसान व महिलाओं को इस ब्रिज को पार करने में बेहद परेशानी



**सिरसा।** डिंग रेलवे अंडरब्रिज में रूका बरसाती पानी।

झेलनी पड़ती है क्योंकि अधिकांश लोगों के बाड़े रेलवे लाइन की दूसरी तरफ पड़ते हैं जिससे महिलाओं को कचरा लेकर ऊपर चढ़कर रेलवे लाइन पार करनी पड़ती है तथा महिलाओं को किसी समय गाड़ी का आने भय है बना रहता है। इसके अलावा सुबह खेतों में जाने के लिए अधिकांश किसान अपने दो पहिया वाहन या ट्राली लेकर जाना पड़ता है जिससे अधिकतर दो पहिया वाहन बीच पानी में बंद हो जाते हैं जिसे समय पर अपने पशुओं के लिए चारा नहीं ला पा रहे हैं। इस परेशानी को लेकर ग्रामीणों द्वारा पिछले वर्ष मंत्रियों व विभागीय अधिकारियों को अनेकों बार ज्ञापन दे चुके तथा गुहार भी लगा चुके हैं लेकिन इसका अभी तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है। गौरतलब है कि यह मार्ग राजस्थान से पंजाब को संपर्क करता है जिसकी वजह से यहां पर दूरदराज से वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं क्योंकि बाहर से आने-जाने वाले वाहन चालकों ब्रिज के अंदर बने खड्डों की जानकारी न होने पर अंजान वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

### सिरसा मेडिकल कॉलेज पर चुप क्यों है भाजपा सरकारः दिग्विजय चौटाला

**सिरसा।** जननायक जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा है कि हरियाणा की मौजूदा भाजपा सरकार अल्पमत में होने के कारण मुख्यमंत्री खुद कोई फैसला नहीं ले सकते है। दिग्विजय ने कहा कि सीएम के पास कहने के लिए कुछ भी नहीं है इसलिए वे आधारहीन बातें करके प्रदेश को गुमराह करने का काम कर रहे है। दिग्विजय वीरवार को अपने आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने सिरसा के लिए मेडिकल कॉलेज की परियोजना को अहम बताते हुए कहा कि इसका निर्माण करवाने को लेकर भाजपा सरकरा चुप क्यों है? सीएम के सिरसा दौरे पर दिग्विजय चौटाला ने कहा कि मुख्यमंत्री बड़ी-बड़ी बातें करके चले गए लेकिन सिरसा के लोगों की लंबे समय से मेडिकल कॉलेज बनाने की बड़ी मांग है, जिस पर सीएम एक शब्द तक नहीं बोले। उन्होंने कहा कि जेजेपी ने सिरसा में मेडिकल कॉलेज लाने के लिए लड़ाई लड़ी थी जिसकी बदौलत सिरसा में मेडिकल कॉलेज की आधारशीला रखी गई। दिग्विजय ने कहा कि सिरसा के विकास को लेकर शुरू से भाजपा की नीयत में खोट में रहा है इसलिए आने वाले विधानसभा चुनाव में स्थानीय लोग भाजपा को करारा जवाब देंगे और यहां से भाजपा का सफाया होगा। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि भाजपा अपना आधार खो चुकी है।

### जिला विज्ञान विशेषज्ञ ने स्कूलों का किया निरीक्षण

**सिरसा।** जिला विज्ञान विशेषज्ञ डा. मुकेश कुमार के द्वारा पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खारियां व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुस्सर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खारियां का पिछले सत्र में 10वीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा में गणित और विज्ञान का परिणाम 100 प्रतिशत था। डा. मुकेश कुमार ने बताया कि स्कूल में 11वीं कक्षा में विज्ञान संकाय में 56 विद्यार्थी और 12वीं कक्षा में विज्ञान संकाय में 55 विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। स्कूल में 586 विद्यार्थियों ने इस वर्ष दाखिला लिया है। रसायन विज्ञान के प्रवक्ता सतीश और भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता राजेन्द्र सिंह द्वारा समय-समय पर विज्ञान प्रयोगशाला में करवाई जा रही गतिविधयों का रिकॉर्ड भी लोग बुक में दर्ज किया जा रहा है। वहीं दूसरी और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुस्सर में विज्ञान अध्यापक नहीं है, लेकिन मैडम अर्चना जोकि मनोविज्ञान विषय की प्रवक्ता हैं, के द्वारा बच्चों को विज्ञान विषय की पढ़ाई करवाई जा रही है।

# फिर खुलेंगे विकास के रास्ते : बैनीवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

विधानसभा चुनावों के मद्देनजर फतेहाबाद विधानसभा में जनसम्पर्क में जुटे भाजपा पशुपालन एवं डेयरी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजपाल बैनीवाल गांव गोरखपुर पहुंचे। प्रदेश की भाजपा सरकार की कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने 10 साल से कार्यकाल में प्रदेश के विकास की दिशा में काम किया है। किसान, मजदूर, कर्मचारी, कमेरे, महिलाओं, बुजुर्गों व युवाओं सहित हर वर्ग के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं लागू कर उन्हें धरातल पर उतारा है। विकास के पथ पर चल रहे प्रदेश के हर वर्ग में पात्रता की पंक्ति के अंतिम



**फतेहाबाद।** गोरखपुर में ग्रामीणों से मिलते भाजपा नेता राजपाल बैनीवाल।

छोर पर खड़े लाभार्थी तक योजनाओं का लाभ सीधा पहुंचाया जा रहा है। उन्होने कहा कि पिछली सरकारों में फैले भ्रष्टाचार व कमीशनखोरी पर भाजपा सरकार ने ही नकेल कसी है। आज शहरों के तर्ज पर गांवों का भरपूर विकास हो रहा है। हाल ही में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचायतों व सरपंचों के हितों में अनेक कल्याणकारी घोषणाएं कर ग्रामीण क्षेत्र के विकास के भविष्य सुनिश्चित कर दिया है। राजपाल बैनीवाल ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भी जनता भाजपा को पूर्ण बहुमत के साथ तीसरी बार सरकार बनाने का मौका अवश्य देगी।

# विद्यार्थियों ने मनाली में सांस्कृतिक धूम मचाई

- सांस्कृतिक आदान-प्रदान व प्रकृति से साक्षात्कार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं एडवेंचर कैम्प : संगीता बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से सात दिवसीय नेचर स्टडी एडवेंचर कैम्प का आयोजन कुल्लू मनाली क्षेत्र के नग्गर में किया गया, जिसमें कई जिलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। फतेहाबाद जिले के विभिन्न विद्यालयों से 50 छात्राएं, 50 छात्रों के अलावा चार शिक्षक मदन गोपल आर्य, अमनदीप, अंजू व निशा इस एडवेंचर कैम्प में शामिल हुए। जिला शिक्षा अधिकारी संगीता



**फतेहाबाद।** नेचर एडवेंचर कैम्प के दौरान विद्यार्थियों को सम्मानित करते अधिकारी।

बिश्नोई व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी वेद सिंह दहिया ने एडवेंचर कैम्प से लौटे विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने बताया कि नग्गर के अपनोर्थ साइट पर लगे नेचर स्टडी एडवेंचर कैम्प के दौरान बच्चों ने साहसिक गतिविधियों में भाग लिया। उन्होंने बताया कि फतेहाबाद की छात्राओं ने हिमाचल में हरियाणवीं नृत्य की धूम मचाई। विद्यार्थियों के ये अनुभव ताउम्र उनके काम आएंगे। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी वेद सिंह दहिया ने बताया कि इस तरह के कैम्प सांस्कृतिक आदान-प्रदान करने, एक-दूसरे को जानने, प्रकृति से साक्षात्कार करने तथा भौगोलिक ज्ञान बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। उन्होंने कहा कि ये यात्राएं बच्चों के तन व मन दोनों को मजबूत करती है तथा बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाती हैं। एडवेंचर कैम्प बच्चों का सर्वांगीण विकास करते हैं। कैम्प के अंतिम दिन कैम्प के इंचार्ज डॉ. ओमप्रकाश कादयान, गुलशन कुमार, साइट के मालिक चंदन शर्मा, सितेन्द्र कुमार ने कैम्प में आए सभी बच्चों व शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किए तथा फतेहाबाद के सचिन व सुखमीत को बेस्ट कैम्पर अवार्ड दिया गया।

# पौधे को बीमारी से बचाने के लिए कार्बेंडाजिम का घोल डालें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

कृषि विकास अधिकारी डॉ. अंकित ढिल्लों ने कहा कि जड़ गलन बीमारी से सूखे हुए पौधों को खेत में से उखाड़ कर जमीन में दबा दे। प्रभावित पौधों के आसपास स्वस्थ पौधों में 1 मीटर तक कार्बेंडाजिम 2 ग्राम प्रति लीटर पानी का घोल बना कर 400-500 मिलीलीटर प्रति पौधे की जड़ में डालें। किसान पीठ वाले स्प्रे पम्प का प्रयोग करते समय मोटे फ्वारे का प्रयोग करके जड़ो के पास फफूंदनाशक घोल को डाले। इस मौके पर सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी डॉ. जागीर सिंह ने कहा कि जुलाई माह में कपास की फसल में सफेद मक्खी व हरे तेला का



**फतेहाबाद।** खेत में खड़ी नरमें की फसल।

प्रकोप हो सकता है इसलिए इसकी निगरानी रखे। सफेद मक्खी अगर 6-8 प्रौढ प्रति पता एवं हरा तेला 2 शिशु प्रति पता मिलते हैं तो फ्लॉनिकामिड (उलाला) 50 डब्ल्यूजी की 60 ग्राम मात्रा प्रति 200 लीटर पानी की दर से एक छिड़काव करें।

# जमकर बरसे बदरा, राहत के साथ बनी आफत

- झमाझम बारिश से शहर हुआ जलमग्न और घरों में घुसा पानी, प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

क्षेत्र में मानसून के दस्तक देने के बाद गुरुवार सुबह फिर से मूसलाधार बरसात हुई। क्षेत्र में जमकर बरसे बदरा से लोगों को राहत के साथ आफत का सामना करना पड़ा। अलसुबह 5 बजे से शुरू हुई वर्षा करीब 11 बजे थमी। झमाझम बरसात से लोगों को गर्मी व उमस से राहत मिली और बारिश की तेज बौछारों को देखकर जहां अन्नदाताओं के चेहरे खिल उठे हैं, वहीं प्रशासन के दावे इस बारिश में बह जाने से शहर वासियों को



**जाखल।** अनाज मंडी से सब्जी की रेहड़ी ले जाता रेहड़ी चालक।

परेशानी का सामना भी करना पड़ा हैं। बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हुआ। प्रशासन की अव्यवस्था से शहर जलमग्न हो गया हैं। विभिन्न सड़क मागारें पर घुटनों तक पानी जमा होने के साथ साथ शहर में निचले इलाकों में बरसाती पानी घुसने से लोग प्रभावित हुए हैं। इससे लोग स्वयं मशक्कत कर बाल्टियों से घरों से घुसा पानी निकालते दिखाई दिए। कई घंटों तक बारिश से मार्केट कमेटी रोड, स्टेट बैंक रोड, अनाज मंडी व रेलवे रोड सहित अन्य मार्गों पर तीन-तीन फीट तक पानी जमा होने से यातायात प्रभावित हुआ, वहीं रिहायशी इलाकों में पानी भर जाने से लोगों का घरों से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया। ऐसे में मानसून की इस बरसात ने प्रशासन की पूरी तरह से पोल खोल कर रख दी। मानसून से पूर्व जल निकासी की व्यवस्था करने के प्रशासन के दावे पर प्रश्नचिह्न लग गया है। बता दें कि शहर के मुख्य मार्ग की हालत खस्ता होने से सड़कों के बीच गड्ढे बने होने से बारिश में गड्ढों में पानी भर जाने से कई वाहन चालकों को परेशानी हुई। बारिश के समय लोग इन गड्ढों में गिरकर घायल हो जाते हैं। दरअसल, मानसून से पहले बरसाती नालों की पुख्ता सफाई न होने के कारण मानसून की दूसरी बारिश में ही शहरवासियों को जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ा।

## फतेहाबाद में हजारों कार्यकर्ता करेंगे पूर्व सीएम हुड्डा व उदयभान का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान 12 जुलाई को फतेहाबाद में पहुंचकर लोकसभा चुनावों में की गई कड़ी मेहनत को लेकर कार्यकर्ताओं का आभार जताएंगे तथा आगामी विधानसभा चुनावों के लिए कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश देंगे। यह जानकारी देते हुए टोहाना विधानसभा के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता महंत बाबा भोलेनाथ धारसूल ने बताया कि कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं में खूब उत्साह है। सम्मेलन की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। जिलेभर से हजारों कार्यकर्ता 12 जुलाई को फतेहाबाद पहुंचकर पूर्व



वरिष्ठ कांग्रेसी नेता महंत बाबा भोलेनाथ धारसूल

सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा व उदयभान का स्वागत करेंगे। टोहाना हलके के कार्यकर्ताओं व आमजन को कार्यक्रम में भाग लेने का निमंत्रण देते हुए महंत बाबा भोलेनाथ धारसूल ने कहा कि प्रदेश में भूपेन्द्र सिंह हुड्डा व चौधरी उदयभान के नेतृत्व में अगली सरकार कांग्रेस की बनेगी और पिछले 10 सालों में विकास के मामले में पिछड़ चुके हरियाणा को नंबर वन बनाने का काम किया जाएगाा। उन्होंने कहा कि आज पूरे प्रदेश में अपराध चरम पर है।

# उपायुक्त ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने अधिकारियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ लघु सचिवालय परिसर में बनाए गए ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक महीने ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया जाता है, जिसमें ईवीएम की सुरक्षा के लिए पुलिस गार्द, डयूटी रजिस्टर, अग्निश्मक यंत्रों, सीसीटीवी कैमरा, बिजली इत्यादि अन्य बिन्दुओं की जांच की जाती है। उपायुक्त राहुल नरवाल ने यह भी बताया की भारत



**फतेहाबाद।** लघु सचिवालय परिसर में बनाए गए ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण करते उपायुक्त राहुल नरवाल।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक तिमाही में ईवीएम वेयरहाउस को खोलकर उसके अन्दर की स्थिति का जायजा लिया जाता है। इस मौके पर निर्वाचन उप तहसीलदार राज कुमार, भारतीय जनता पार्टी के इन्द्रसेन बतरा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### नप प्रधान बिना डरे विकास कार्य करवाएं, कांडा परिवार उनके साथ

# टूरिस्ट स्पॉट बनवाने के लिए सीएम से मिलेंगे कांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सिरसा के प्रमुख समाजसेवी व वरिष्ठ भाजपा नेता गोविंद कांडा ने कहा कि पार्टी ने यदि उन्हें फतेहाबाद हल्के से टिकट देकर चुनाव लड़ने का अवसर दिया तो वह राजनीति के मायने बदल देंगे। गोबिंद कांडा वीरवार को ठाकर बस्ती में स्थित सैन धर्मशाला में आयोजित मूर्ति स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्यअतिथि भाग लेने आए थे। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी राजनीति के पीछे समाज सेवा है। ऐसे ही फतेहाबाद की समस्याओं को नहीं रहने देंगे। उन्होंने सैन धर्मशाला में श्री सैन जी महाराज की मूर्ति स्थापना की वहीं समाज के मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया।



**फतेहाबाद।** पत्रकारों से बातचीत करते गोबिंद कांडा।

### फतेहाबाद में राजनीति करने नहीं बल्कि सेवा के उद्देश्य से आए : गोबिंद कांडा

भाजपा नेता गोबिंद कांडा ने कहा कि आज बरसात में फतेहाबाद का हाल देखा है। वह नगर परिषद प्रधान राजेंद्र खिची के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात कर फतेहाबाद में स्ट्राम वाटर प्रोजेक्ट लाएंगे। अस्पताल में डॉक्टरों की कमी, नशे की समस्या व अन्य दिक्कतों पर गोबिंद कांडा ने कहा कि मुख्यमंत्री हर समस्या के निदान के लिए तत्पर रहते है लेकिन जरूरत पैरवी करने की होती है। लगता है कि फतेहाबाद के नुमाईंदे पूरी तरह से पैरवी नहीं कर पाए। फतेहाबाद से चुनाव लड़ने के सवाल पर गोबिंद कांडा ने कहा कि वह फतेहाबाद में राजनीति करने नहीं बल्कि सेवा के उद्देश्य से आए हैं। फतेहाबाद की जनता उनसे फतेहाबाद से चुनाव लड़ने को कह रही है लेकिन यह तो पार्टी को तय करना है कि वह किसे लड़ाती है लेकिन यदि पार्टी ने फतेहाबाद से अवसर दिया तो वह बता देंगे कि समाज सेवा के मार्फत विकास भी किया जा सकता है। गोबिंद कांडा ने बताया कि नगर परिषद प्रधान राजेन्द्र खिची फतेहाबाद में 15-20 एकड़ में टूरिस्ट स्पॉट बनाना चाहते हैं, वह इस विषय में मुख्यमंत्री से राजेन्द्र खिची के साथ मिलेंगे। उन्होंने कहा कांडा परिवार का नगर परिषद में प्रधान राजेन्द्र खिची को पूरा समर्थन रहेगा और हम चाहेंगे कि नप प्रधान खुलकर बिना किसी डर के विकास कार्य करवाएं।

## खबर संक्षेप

### हैलो सिरसा टीम ने पार्क में चलाया सफाई अभियान

**सिरसा।** हैलो सिरसा टीम द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत टीम सदस्यों ने शहर के शिव चौक के निकट स्थित भगत सिंह पार्क में न केवल सफाई अभियान चलाया, बल्कि पार्क में उगे झाड़-झंखाड़ को उखाकर पार्क की सफाई की गई। अविनाश फुटेला ने बताया कि हैलो सिरसा टीम की ओर से शहर में लगातार पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत हरियाली को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि टीम सदस्यों ने देखा कि भगत सिंह पार्क काफी बदहाल स्थिति में है, जिसपर सभी ने मिलकर पार्क की दशा सुधारने का जिम्मा उठाया।

### बेसहारा गोवंश के लिए रखी पानी की टंकियां

**सिरसा।** श्री राधे निष्काम सेवा मंच के तत्वावधान में नगर के विभिन्न क्षेत्रों से आए आग्रह के आधार पर सड़कों, गलियों में घूम रहे गोवंश के लिए साफ पानी पिलाने की व्यवस्था के लिए पानी की टंकियों के वितरण का सेवा प्रकल्प आयोजित किया गया। मुख्य प्रेरक सुमन मित्तल ने बताया कि यद्यपि बारिश का मौसम शुरू हो गया है, फिर भी सिरसा में बेसहारा घूम रही गोमाता को साफ पानी नहीं मिल पाता इसलिए गो सेवकों के आग्रह पर यह प्रकल्प लगाया गया। मित्तल ने कहा कि गोमाता की सेवा को सभी देवी देवताओं की सेवा व पूजा के बराबर माना गया है इसीलिए गोमाता के मूत्र को दवा के रूप में व गोबर को पूजा में भी प्रयोग किया जाता है।

### बाबा बिहारी नेत्रालय का शुभारंभ सात को

**सिरसा।** शहर के जनता भवन रोड स्थित श्याम बगीची के निकट नवनिर्मित बाबा बिहारी नेत्रालय का शुभारंभ आगामी 7 जुलाई को सुबह 10.15 बजे होने जा रहा है। अस्पताल के प्रवक्ता व सचिव चंद्रशेखर ने बताया कि अस्पताल के भवन का कार्य पूरा हो चुका है। मशीनें व अन्य उपकरण स्थापित किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल के शुभारंभ अवसर पर निःशुल्क कैंप भी लगाया जाएगा, जोकि स्व. हीरालाल बंसल एवं गोदावरी देवी बंसल को समर्पित होगा। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. नीरू गिजवानी (एमएस) अपनी सेवाएं देंगी। शिविर में आने वाले मरीजों की आंखों की निःशुल्क जांच के साथ-साथ उचित परामर्श दिया जाएगा।

### पर्यावरण संरक्षण का किया आह्वान

**सिरसा।** समाज में जहां पर्यावरण के मुद्दे वैश्विक चिंताओं में सबसे आगे हैं, युवा पीढ़ी में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करना आवश्यक है। इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए मंडी डबवाली में स्वतंत्रता सेनानी वैद राम दयाल राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल में प्रधानाचार्य एवं खंड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण दास के नेतृत्व में डा. प्रियंका जोशी प्रवक्ता राजनीति विज्ञान ने वृक्षारोपण के माध्यम से सकारात्मक प्रभाव पैदा करने की पहल की है। प्रधानाचार्य लक्ष्मण दास नाहर ने छात्रों को पौधारोपण के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि वृक्ष हमारे पर्यावरण के लिए फेफड़ों के रूप में कार्य करते हैं। हर वर्ष जो भीषण गर्मी बढ़ती जा रही है।

### शास्त्रीय नृत्य के ऑडिशन के लिए आवेदन आमंत्रित

**फतेहाबाद।** उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा द्वारा आयोजित शास्त्रीय नृत्य, कथक तथा भरतनाट्यम पर आधारित 12 दिवसीय कार्यशाला एवं एक दिवसीय कार्यक्रम के लिए ऑडिशन नूपुर के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित की गई है। उपायुक्त ने बताया कि केवल हरियाणा मूल के युवा/उभरते कलाकार, जिनकी आयु 15 से 35 वर्ष हो, भाग ले सकते हैं। इच्छुक आवेदक ई-मेल आर्टएंडकल्चरएचवाईएसएचआरवाइ एटदीरेट जीमेल डॉट कॉम पर आवेदन पत्र भरकर भेज सकते हैं। ऑडिशन में भाग लेने हेतु कोई यात्रा/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा।

## लोगों को धोखाधड़ी के प्रति सावधान कर रही पुलिस : एसपी विक्रांत भूषण

# सावधान ! साइबर अपराधी अपना रहे ठगी के नए-नए पैंतरे, एडवाइजरी जारी

सोशल मीडिया पर फैला जाल, तरह-तरह से प्रलोभन देकर कर रहे धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने आमजन को आगाह करते हुए कहा है, कि साइबर अपराधी बदलते समय के साथ-साथ ठगी के नए-नए तरीके अपना रहे हैं,आपको घर बैठे मोटी कमाई का लालच देकर अलग-अलग टास्क करने का लालच देते हैं। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी के झांसे में आकर लोग पल भर में लाखों रुपए गंवा बैठते हैं । जिला पुलिस द्वारा आमजन को साइबर ठगी से बचने के लिए साइबर एडवाइजरी जारी की गई है, जिसमें आमजन को सोशल मीडिया पर साइबर अपराधियों के द्वारा जाल बिछाए गए जाल के संबंध में जागरूक किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कई बार साइबर अपराधी आमजन को कुछ मिनटों में लोन दिलाने के नाम पर, नौकरी दिलाने के नाम पर ट्रेडिंग कर मुनाफे के नाम पर चूना लगा रहे हैं।

### साइबर अपराध के तरीके

बदलते समय के साथ साइबर फ्रॉड ठगी के नए-नए पैंतरे अपना रहे हैं। साइबर अपराधी नए तरीके से इस तरह से लोगों को अपने जाल में फसाते हैं, कि उन्हें समझ में भी नहीं आता कि आखिर उनके साथ क्या हो रहा है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण के अनुसार, साइबर अपराधियों ने कई सोशल साइट्स पर जाल बिछा रखा है. कस्टमर केयर नंबर से मिलता-जुलता फेक कस्टमर केयर नंबर अपडेट कर रखे हैं। ऐसे में जब कोई उस नंबर पर सम्पर्क करता है तो कस्टमर केयर नम्बर ऐक्टिव नहीं होता और दूसरे नम्बर से कॉल आती है ।साइबर अपराधी कस्टमर केयर अधिकारी बनकर बात करते हैं, और लोगों को विश्वास में लेकर निजी जानकारी प्राप्त कर लेते हैं।यदि आपसे कस्टमर केयर के माध्यम से निजी जानकारी प्राप्त करता है तो समझ जाएं कि आप साइबर फ्रॉड के शिकार होने वाले हैं। कभी भी कोई ऐसे अंजान ऐप लिंक डाउनलोड ना करें जिससे कोई व्यक्ति आपके सिस्टम को दूर बैठकर एक्सेस कर ले। आरोपी आपकी एक छोटी सी गलती के लिए बैठे हैं, इसके लिए जागरूकता ही बचाव है।

### मूल्य वर्धित कर व अन्य एक्ट से संबंधित लंबित मामलों के लिए चलाई जा रही है स्पेशल ड्राइव

**सिरसा।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार आबकारी एवं कराधान विभाग द्वारा हरियाणा मूल्य वर्धित कर और अन्य एक्ट के अंतर्गत लंबित मामलों के समाधान के लिए 31 जुलाई 2024 तक एक स्पेशल ड्राइव चलाई जा रही है। जिला उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त (बिक्री कर) अंजू सिंह ने बताया कि 30 जून 2017 तक असेसमेंट केसों के लंबित मामलों के समाधान के लिए जिला के सभी अधिकारी व कर्मचारी व्यापारियों के लंबित मामलों के समाधान के लिए प्रयासरत है। व्यापारी किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11.00 बजे से 01.00 बजे तक अपने लंबित मामलों के समाधान के लिए मिल सकते है।

उन्होंने बताया कि जिन व्यापारियों का जीएसटी लागू होने से पहले का कोई रेक्टीफिकेशन / डिलीशीन, रिमांड केस, रीअसेसमेंट आदि किसी प्रकार का कोई लंबित मामला बकाया है तो वो विभाग में आकर अधिकारियों से मिलकर लंबित मामलों का समाधान करवा सकते है।



सिरसा। विद्यार्थियों को जानकारी देते प्राचार्य अनिल कुमार। फोटो : हरिभूमि

# विद्यार्थियों को दी खाद बनाने की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

शिक्षा विभाग द्वारा 1 जुलाई से 7 जुलाई तक विभिन्न गतिविधियों पर चलाए जा रहे विशेष कैंपों के तहत वीरवार को चौथे दिन की गतिविधि में कैंचुआ खाद, स्वच्छता व डस्टबिन हरा नीला के उपयोग बाबत विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक माध्यमिक विद्यालय भुरटवाला के प्राचार्य अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि वर्मी कम्पोस्ट मिट्टी में कार्बनिक पदार्थों की वृद्धि करता है। साथ ही भूमि में जैविक क्रियाओं को निरंतरता प्रदान करता हैं। यह खेत में दीमक एवं अन्य हानिकारक कीटों को नष्ट कर देता हैं। इससे कीटनाशक की लागत में कमी आती हैं। इसलिए विद्यार्थियों को फसलों की अच्छी पैदावार लेने के लिए अपने अभिभावकों को इस खाद के लिए जानकारी देनी चाहिए। वहीं डस्टबिन के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सुख कागज के लिए नीले रंग का डस्टबिन वह अगर कागज गीला है तो हर रंग के डस्टबिन में प्रयोग किया जाता है। वहीं उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस महीने में बरसात होती है तो विभिन्न प्रकार के मच्छर भी पैदा होते हैं, जो कि विभिन्न बीमारियों को जन्म देते हैं। इन बीमारियों से बचने के लिए सफाई के प्रति ध्यान देना भी जरूरी है। इस अवसर पर प्रवक्ता राजबाला, रामचंद्र, मीना पिलानी, संदीप कुमार, नारायण सिंह, कृष्ण मित्तल व अन्य मौजूद रहे।

### महिलाओं के आपसी विवाद में घर के बाहर बैठे व्यक्ति की हत्या

■ लाठियों व गंडासियों से हमला करने का आरोप

**डबवाली।** उपमंडल के गांव अलीकां में कल रात कुछ लोगों ने घर के बाहर बैठे दर्शन सिंह नामक एक व्यक्ति की लाठियों व गंडासियों से वार करके हत्या कर दी। हत्या के इस मामले में शहर पुलिस ने मृतक के बेटे कर्मजीत के बयानों पर गग्गा सिंह उर्फ बलदेव सिंह पुत्र अवतार सिंह , कुलदीप सिंह पुत्र सुखदेव सिंह , मनप्रीत सिंह उर्फ जुट्टी व लब्बी पुत्रान जसविन्द्र सिंह व पांच-छः अन्य निवासी गांव अलीकां के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मृतक के बेटे के मुताबिक हमला करने वाले सभी लोग उनकी ही बिरादरी के है । जिनके साथ काफी समय से औरतों की कहासुनी को लेकर हमारी रंजिश है। इसी रंजिश के कारण उनके द्वारा हमारे को देख लेने की धमकी भी दी जा चुकी है। कर्मजीत के मुताबिक कल रात करीब 10 बजे रात्रि घर के सामने पंचायती बैंच पर वह अपने पिता दर्शन सिंह के साथ बैठा था। जो सामने से मनप्रीत सिंह उर्फ जुट्टी,लब्बी सिंह , कुलदीप व बलदेव सिंह अपने-अपने हाथों में गंडासे व उनके साथ 5-6 अन्य व्यक्ति डण्डों सहित भी थे। यह लोग हमारे घर के सामने आकर बोले की आज इनको मजा चखाते है। मनप्रीत ने मेरे पिता दर्शन सिंह को गाली दी मेरे पिता ने उसको गाली देने से मना किया तो मनप्रीत ने अपने हाथ में लिया गंडासा मेरे पिता के कंधे पर मारा। मेरे पिता जी निचे गिर गये तो निचे गिरें के लब्बी व बलदेव ने भी हमला किया।

# माधोसिंघाना में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



सिरसा। गांव माधोसिंघाना में पौधारोपण अभियान की शुरुआत करते टीम के सदस्य।

■ आवर ब्यूटीफुल अर्थ टीम ने दो चरणों में गांव माधोसिंघाना में लगाए 245 पौधे

आवर ब्यूटीफुल अर्थ (हरिधरा) द्वारा पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है, जिसकी शुरुआत गांव माधोसिंघाना से हुई। पहले चरण में 125 पौधे लगाकर गांव के अंदर हरियाली का संदेश दिया। पहले चरण के अंदर पौधारोपण अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में गांव के सरपंच विनोद जांदू व विशिष्ट अतिथि के रूप में गौशाला कमेटी के प्रधान रमेश पोटलिया उपस्थित हुए। दूसरे चरण में पौधारोपण अभियान का शुभारंभ ओम प्रकाश शर्मा द्वारा किया गया और दूसरे चरण में 120 पौधे लगाकर माधोसिंघाना गांव में हरियाली का संदेश दिया। सरपंच विनोद जांदू ने कहा कि पेड़-पौधों के बिना मनुष्य जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने संस्था द्वारा पर्यावरण बचाने के लिए चलाए जा रहे अभियान की सराहना की और इस अभियान को निरंतर जारी रखने का आह्वान किया। इस मौके पर संस्था के सदस्य अजय सैनी ने बताया कि पेड़-पौधे न केवल हमें छाया प्रदान करते हैं, बल्कि अनेक प्रकार की औषधियां भी देते हैं, जिनसे असाध्य रोगों को जड़ से खत्म किया जा सकता है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि बिगड़ते पर्यावरण संतुलन को देखते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनके पेड़ बनने तक देखभाल करें। इस अवसर पर आवर ब्यूटिफुल अर्थ टीम के सदस्य धर्मेंद्र डूडी, अजय सिंह सैनी, डा. रविंद्र यादव, सुभाष जांगड़ा, इंजी. तरुण शर्मा, भारत भूषण धायल, शरीफ खान व अन्य मौजूद रहे।

# पीएमएफएमई में रोजगार की अपार संभावनाएं

■ प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना के तहत जागरूकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



फतेहाबाद। जागरूकता शिविर में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए उत्पादों का अवलोकन करते एडीसी राहुल मोदी।

आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्थानीय डीपीआरसी हाल में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना (पीएम-एफएमई) पर एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी ने शिविर में बतौर मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। शिविर में एफपीओ, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और आमजन को योजना बारे विस्तार से जानकारी दी गई। एडीसी राहुल मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना में रोजगार की अपार संभावनाएं है। केंद्र व प्रदेश सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। सूक्ष्म, लघु खाद्य उद्योग स्थापित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा बिजली, पानी आदि मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। जिला एमएसएमई केंद्र के सहायक निदेशक गुरप्रताप सिंह ने कहा कि पीएम-एफएमई योजना के तहत दस हजार करोड़ रुपये पांच वर्ष 2021 से 2025 के लिए दो लाख सूक्ष्म उद्यमों को लाभ दिया जाएगा। नये उद्यम लगाने तथा पुराने उद्यमों को भी अपग्रेड किया जाएगा। योजना में 35 प्रतिशत सब्सिडी है। स्टेट प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग टीम सदस्य प्रदीप शर्मा व संजीत ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से योजना व अन्य पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। शिविर में जिला बागवानी अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक मौजूद रहे।

# कर्मचारियों ने बजाया विरोध का बिगुल

■ अधीक्षक अभियंता और जिला उपायुक्त के माध्यम से दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



सिरसा। अधीक्षक अभियंता को ज्ञापन सौंपते अनुबंधित विद्युत कर्मचारी।

अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ उपायुक्त व अधीक्षक अभियंता के माध्यम से अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया, जिसकी अध्यक्षता जिलाअध्यक्ष रेशम सिंह ने की। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि आज बिजली विभाग का सारा बोझ अनुबंधित कर्मचारियों के कंधे पर है। प्रदेश में किसी भी समय बाढ़, कोरोना काल, भीषण गर्मी, सर्दी में भी बिजली सेवा सुचारु रूप से चले, इसलिए कार्य करते हुए अभी तक पूरे प्रदेश में दर्जनों अनुबंधित कर्मचारी अपनी जान गंवा चुके हैं और सैकड़ों कर्मचारियों के अंग भंग हो चुके हैं। अपनी जान पर खेल कर काम करने वाले अनुबंधित कर्मचारियों को सरकार एवं विभाग की तरफ से बहुत कम वेतन और नाममात्र सुविधा मिलती है, जिससे संगठन में भारी रोष है और संगठन ने अपनी मांगों को लेकर आज 22 के 22 जिलों में ज्ञापन दिया है। इसमें संगठन की मुख्य मांग सरकार द्वारा रेगुलर पॉलिसी बनाई जाए, जिसमें विद्युत विभाग के सभी कर्मचारियों को शामिल किया जाए, इसके साथ-साथ कैशलेस मेडिकल पॉलिसी, रिस्क अलाउंस, ग्रेच्युटी, एलटीसी और बोनस के अलावा हमारे खेदड़, यमुनानगर थर्मल में कार्यरत कर्मचारी जिनको लेकर 12 जून 2023 को जो समझौता मैनेजमेंट के साथ हुआ था, उसे लागू करने एवं अन्य मांगें शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने समय रहते संघ के साथ बैठक बुलाकर मांगों को पूरा नहीं किया तो संगठन का आगामी कार्यक्रम 5 जुलाई से 15 जुलाई तक सभी विधायकों, सांसदों, मंत्रियों को ज्ञापन देने का रहेगा। अगर फिर भी संघ की अनदेखी की गई तो सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

### जिला उद्योग केंद्र का कार्यालय स्थानांतरित

**फतेहाबाद।** उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, हरियाणा के जिला उद्योग केंद्र के उप निदेशक एवं जिला रजिस्ट्रार, फर्म एवं सोसायटी का कार्यालय अब नये बस अड्डा में तृतीय तल पर स्थानांतरित किया गया है। जिला उद्योग केंद्र के उप निदेशक गौरव शर्मा ने बताया कि इससे पहले विभाग का कार्यालय भट्टू रोड स्थित अग्रवाल कॉलोनी में था। उन्होंने जिला स्थित सभी विभागाध्यक्षों से अनुरोध किया है कि किसी भी पत्राचार के लिए नये बस अड्डा के तृतीय तल पर जिला उद्योग केंद्र के उप निदेशक एवं जिला रजिस्ट्रार, फर्म एवं सोसायटी कार्यालय के दूरभाष नंबर 01667-225123 अथवा ई-मेल आईडी इंडस्ट्रीएफटीबी एटदीरेट एचआरवाई डॉट एनआईसी डॉट आईएन अथवा जीएमडीआईसीफतेहाबाद एटदीरेट जीमेल डॉट कॉम पर संपर्क किया जा सकता है।

# छात्राओं को आत्मरक्षा का दिया प्रशिक्षण



फतेहाबाद। गांव ढाण्ड में विद्यार्थियों को जागरूक करते टीम इंचार्ज इंस्पेक्टर सरोज।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के निर्देशन में महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में वीरवार को गांव ढांड के राजकीय उच्च विद्यालय में जागरूकता सेमिनार लगाकर विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों के प्रति जागरूक किया। महिला जागरूकता टीम इंचार्ज इंस्पेक्टर सरोज ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन बारे जानकारी देते हुए कहा कि हरियाणा पुलिस महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सदैव तत्पर है। अगर किसी छात्रा को कोई शिकायत है तो वह तुरंत 1091 एवं 112 पर कॉल कर पुलिस सहायता ले सकती है। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं और विद्यालय स्टाफ को यातायात के नियमों का पालन न करने के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन न करने से खुद को तो हम जोखिम में डालते ही है, साथ में दूसरों को भी नुकसान पहुंचाता है। हमें यातायात नियमों का पालन न केवल पुलिस से बचने के लिए बल्कि अपनी और दुसरों के सुरक्षा के लिए भी करना चाहिए। सब का जीवन अनमोल है, इसलिए जरा सी नादानी में की गई लापरवाही हमारे जीवन में बड़ी समस्या खड़ी कर देते है। इसके साथ ही महिला जागरूकता टीम इंचार्ज इंस्पेक्टर सरोज ने छात्राओं को आत्म-रक्षा के टिप्स दिए।

## समाधान शिविर में आई 73 समस्याएं

# समस्याओं का समाधान कर फीडबैक भी लें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



सिरसा। शिविर में शिकायतें सुनते उपायुक्त आरके सिंह।

उपायुक्त आरके सिंह ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता है, इसलिए अधिकारी कार्यालयों में आने वाले लोगों की समस्याओं का समाधान त्वरित आधार पर करके उन्हें संतुष्ट करने का प्रयास करें और उनकी फीडबैक भी लें। यह निर्देश उपायुक्त ने वीरवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित समाधान शिविर में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों संबोधित करते हुए दिए। समाधान शिविर में 73 लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। उपायुक्त ने शिविर में नागरिकों की प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, बिजली, पानी तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं इत्यादी समस्याएं सुनी और अधिकतर का मौके पर ही निदान करवाया। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आने वाले नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निवारण करें। नागरिकों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो और उनको एक समस्या के लिए अधिकारियों के पास बार-बार न आना पड़े। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिविरों में स्वयं उपस्थित होकर गंभीरता के साथ जनता की समस्याएं सुनें।

### मौके पर हुआ फैमिली आईडी में जन्म तिथि की समस्या का समाधान

सिरसा निवासी प्रताप सिंह कई दिन से फैमिली आईडी में अपनी पत्नी की जन्म तिथि गलत दर्ज होने की समस्या को लेकर परेशान था। उन्होंने अपनी समस्या को समाधान शिविर में रखा। मौके पर ही फैमिली आईडी में दस्तावेज अनुसार जन्म तिथि दर्ज कर दी गई। प्रताप सिंह समस्या के समाधान से खुश खुश नजर आए, इसके लिए सरकार व प्रशासन का धन्यवाद किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530209, 9253681005